http://www.cgboardonline.com

कोड-05

# प्री-बोर्ड परीक्षा 2018-19

कक्षा- बारहवीं

समय - 3.00 घंटे

विषय - हिन्दी

पूर्णांक - 100

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य ।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के तीन खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 10 में प्रत्येक के लिए 2 अंक तथा शब्द सीमा 25 निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 11 से 17 में प्रत्येक के लिए 3 अंक तथा शब्द सीमा 50 निर्धारित है ।

प्रश्न क्र.18 से 21 में प्रत्येक के लिए 4 अंक तथा शब्द सीमा 75 निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 22 व 23 में प्रत्येक के लिए 5 अंक तथा शब्द सीमा 100 निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 24 व 25 में प्रत्येक के लिए 6 अंक तथा शब्द सीमा 150 निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 26 निबंधात्मक प्रश्न है इस पर 8 अंक तथा शब्द सीमा 200 निर्धारित है ।

---

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

(1) भाग्यवाद किसका आवरण है ।

(अ) पुण्य (ब) पाप (स) कर्म (द) श्रम

(2) 'मगहर' किस कवि से संबंधित है, जहां वे अंतर्ध्यान हुए थे ।

(अ) तुलसी (ब) कबीर (स) जायसी (द) सुर

(3) 'मानसरोवर खण्ड' में जायसी ने किस नायिका के अलौकिक सौंदर्य का वर्णन किया है ।

(अ) पद्मावती (ब) रत्नावली

(स) फुलवारी (द) मानसरोवरी

(4) 'श्रद्धा भक्ति' निबंध है ।

(अ) भावात्मक (ब) विचारात्मक

(स) समीक्षात्मक (द) आदर्शात्मक

(5) रत्नाकर जी की काव्य भाषा रही है ।

(अ) अवधी (ब) बघेली

(स) बुदेलखण्डी (द) ब्रजभाषा

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

(1) कवि उमाशंकर तिवारी ने भुंइया के भगवान ----------- को माना है ।

(2) वह संध्या सुंदरी परी-सी में ----------- अलंकार प्रयुक्त हुआ है ।

(3) घनानन्द ----------- काव्यधारा के कवि हैं ।

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

(4) निबंध के दो प्रधान अंग ---------- हैं ।

(5) पत्र लेखन को ---------- श्रेणियों में विभक्त करते हैं ।

(स) उचित संबंध जोड़िए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | उपेन्द्रनाथ अश्क | - | बस्तर के आदिवासी |
| (2) | पलटन का विदूषक | - | हास्य-व्यंग्य |
| (3) | बेजुबान | - | सुमित्रानंदन पंत |
| (4) | फ्री स्टाइल गवाही | - | सूखी डाली |
| (5) | नौका विहार | - | वजीरा सिंह |

प्रश्न 2. करुण रस को उदाहरण सहित समझाइये ।

प्रश्न 3. कवि ने सर्वश्रेष्ठ धन किसे कहा है । स्पष्ट कीजए ।

प्रश्न 4. निम्न मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।
कलम तोड़ना, गुदड़ी का लाल

प्रश्न 5. पुरुषार्थ क्या है ?

प्रश्न 6. व्यतिरेक अलंकार को उदाहरण सहित समझाइये ।

प्रश्न 7. कवि ने किस पीड़ा को सत्य माना है ?

प्रश्न 8. मत्तगयंद सवैया को उदाहरण सहित समझाइये ।

प्रश्न 9. गीता भाष्य के प्रणेता को कौन सी उपाधि दी गई और क्यों ?

प्रश्न 10. चुरकी और मुरकी कहानी हमें क्या संदेश देती है ?

प्रश्न 11. आदर्श निबंध की कोई तीन विशेषताएं लिखिए ।

प्रश्न 12. लहना सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए । (कोई 3)

प्रश्न 13. विश्व मंदिर में लेखक किन चित्रों को रखने का सुझाव देता है ?

प्रश्न 14. आदिवासियों के रीति-रिवाज पर संक्षिप्त रुप से प्रकाश डालिए ।

प्रश्न 15. संस्मरण एवं रेखाचित्र में कोई 3 अंतर लिखिए ।

प्रश्न 16. संध्या सुंदरी में प्रकृति का मानवीकरण किया गया है उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 17. निर्देशानुसार कीजिए ।

(1) गुरु के उपर श्रद्धा रखनी चाहिए । (वाक्य शुद्ध कीजिए)

(2) मैं कश्मीर देखना चाहता हूं । (मिश्र वाक्य)

(3) यह घी की शुद्ध दुकान है । (वाक्य शुद्ध कीजिए)

प्रश्न 18. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी अथवा उपेन्द्रनाथ अश्क का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए ।

(1) रचनाएँ (कोई दो) (2) भाषा शैली की दो-दो विशेपताएं

(3) साहित्य में स्थान

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

प्रश्न 19. नरेश मेहता अथवा मलिक मुहम्मद जायसी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए।

(1) रचनाएँ (कोई दो) (2) भावपक्ष (कोई तीन विशेषताएं)

(3) कला पक्ष (कोई तीन विशेषताएं)

प्रश्न 20. भक्तिकाल की दो विशेषताएं और दो कवि के नाम व उनकी एक-एक रचनाओं के नाम लिखिए।

अथवा

छायावाद की कोई चार विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 21. पंत जी के प्रकृति चित्रण की विशेषताएं लिखिए।

अथवा

लोग निंदक क्यों बन जाते हैं ? निंदा की प्रवृत्ति से बचने का तथा अपने निदंकों को उचित उत्तर देने का क्या उपाय है ?

प्रश्न 22. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए।

जो वृद्ध हो गए हैं, जो अपनी बाल्यावस्था और तरुणावास्था से दूर हट आए है, उन्हें अपने अतीतकाल की स्मृति बड़ी सुखद लगती है। वे अतीत का ही स्वप्न देखते हैं। तरुणों के लिए जैसे भविष्य उज्जवल होता है वैसे ही वृद्धों के लिए अतीत। वर्तमान से दोनों को असंतोष होता है। http://www.cgboardonline.com

अथवा

हमारे अन्त:करण में प्रिय के आदर्श रुप का संघटन उसके शरीर का व्यक्ति मात्र के आश्रय से हो सकता है पर श्रद्धेय के आदर्श रुप का संघटन उसके फैलाये हुए कर्म तन्तु के उपादान से होता है। प्रिय का चिन्तन हम आँख मूंदे हुए, संसार को भुलाकर करते हैं, पर श्रद्धेय का चिन्तन हम आंख खोले हुए, संसार का कुछ अंश सामने रखकर करते हैं। यदि प्रेम स्वप्न है, तो श्रद्धा जागरण है। प्रेमी प्रिय को अपने लिए और अपने को प्रिय के लिए संसार से अलग करना चाहता है।

प्रश्न 23. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए।

श्रम होता सबसे अमूल्य धन सब जन खूब कमाते
सब अशंक रहते अभाव से, सब इच्छित सुख पाते।
राजा-प्रजा नहीं कुछ होता, होते मात्र मनुज ही।
भाग्यलेख होता न मनुज का, होता कर्मठ भुज ही।।

अथवा

देखा मनु ने वह अतिरंजित, विजन विश्व का नव एकांत,
जैसे कोलाहल सोया हो, हिम शीतल जड़ता-सा प्रांत।



http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

प्रश्न 24. अपने मित्र को यातायात संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

सचिव मा.शि.म. छ.ग. रायपुर को 10वीं की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु पत्र लिखिए।

प्रश्न 25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

दूसरी ओर लेखक मानव सभ्यता का निर्माता और संरक्षक होता है। योद्धा नष्ट करता है, लेखक निर्माण करता है, वह विश्व को नये, विचार देता है, जिससे उन्नति का पथ प्रशस्त होता है। बड़ी-बड़ी सामाजिक और राजनैतिक क्रान्तियां कलम की शक्ति का प्रमाण है। योद्धा शवों पर खड़ा होकर यश का सृजन करता है पर वह क्षणिक होता है। लेखक अपनी सृजन-शक्ति द्वारा समाज का हितैषी बनकर यशस्वी होता है और उसकी कीर्ति सारे विश्व को ज्योत्सना के समान युगों-युगों तक निर्मल शांति प्रदान करती रहती है।

प्रश्न (1) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक दीजिए।

(2) निर्माण एवं विश्व को नये विचार कौन देता है ?

(3) बड़ी-बड़ी सामाजिक एवं राजनैतिक क्रांतियां किसका प्रमाण है ?

(4) "उन्नति" एवं "सृजन" शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

(5) गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न 26. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए।

(1) विद्यार्थी जीवन एवं शिष्टाचार

(2) स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत

(3) जल ही जीवन है

(4) पेड़-पौधे और हमारा जीवन

(5) कम्प्यूटर का महत्व

---00--

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

**http://www.cgboardonline.com**

**Whatsapp @ 9300930012**
**Your old paper & get 10/-**
**पुराने पेपर्स भैजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**

http://www.cgboardonline.com